जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।
दिनांक : 23.12.2013

**प्रेस विज्ञप्ति**
**(सं. 2013/486)**

## जयपुर–यशवन्तपुर–जयपुर (01 ट्रिप) स्पेशल रेल सेवा का संचालन

***वाया अजमेर, चित्तौड़गढ़, रतलाम, बड़ौदरा, पुणे, गुंटकल चलेगी***

आगामी शीतकालीन एवं क्रिसमस अवकाश में यात्रियों की सुविधा हेतु **जयपुर–यशवन्तपुर–जयपुर (01 ट्रिप) स्पेशल एक्सप्रेस रेल सेवा का संचालन** किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के जन सम्पर्क अधिकारी श्री कमल जोशी के अनुसार के अनुसार गाडी संख्या 06551, यशवन्तपुर–जयपुर स्पेशल एक्सप्रेस रेल सेवा **दिनांक 22.12.13 रविवार को** यशवन्तपुर से 10.45 बजे रवाना होकर मंगलवार को 10.35 बजे जयपुर पहुॅचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 06552, जयपुर–यशवन्तपुर स्पेशल एक्सप्रेस रेल सेवा **दिनांक 24.12.13 मंगलवार को** जयपुर से 22.05 बजे रवाना होकर शुक्रवार को 03.30 बजे यशवन्तपुर पहुॅचेगी।

यह गाडी दोनों दिशाओं में कनकपुरा, फुलेरा, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, बिजयनगर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, नीमच, रतलाम, मेघनगर, दाहोद, बड़ौदरा, भरूच, सूरत, वापी, वसई रोड़, कल्याण, लोनावाला, पुणे, शोलापुर, गुलबर्गा, वादी, यदगिर, रायछूर, मंत्रलायम रोड, अदोनी, गुंटकल, बैलारी, रायादुर्ग, चित्रदुर्गा, जिकजाजूर, बिरूर, अरसीकेरे एवं टूमकुर स्टेशनों पर ठहराव करेंगी।

इस गाडी में 01 सैकण्ड एसी, 03 थर्ड एसी, 06 द्वितीय शयनयान एवं 06 साधारण श्रेणी एवं 02 गार्ड डिब्बों सहित कुल 18 डिब्बें होगें।

**जन सम्पर्क अधिकारी**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर**